भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 4060
गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मध्य प्रदेश में नए विमान पत्तन

4060. श्रीमती हिमाद्री सिंहः

श्री दर्शन सिंह चौधरीः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार 50 अतिरिक्त विमानपत्तनों के विकास की पहल के तहत पचमढ़ी में एक नया हवाई अड्डा विकसित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश के शहडोल संभाग में एक नया विमानपत्तन स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): 'उड़ान' योजना के तहत आरसीएस उड़ानों के विकास और प्रचालन के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान के अंतर्गत आयोजित 4.2 बोली प्रक्रिया दौर के तहत पचमढ़ी हवाईअड्डे की पहचान की है। 45 करोड़ रुपए की विकास निधि आवंटित की गयी है, लेकिन दिसंबर, 2022 से एनजीटी (केंद्रीय क्षेत्र) में कानूनी मामला लंबित होने के कारण वर्तमान में प्रगति कार्य रुका हुआ है।

(ख): शहडोल हवाईपट्टी, मध्यप्रदेश को 'उड़ान' दस्तावेज़ में असेवित हवाईअड्डों की अनंतिम सूची में शामिल है। आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत, असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों के पुनरुद्धार/उन्नयन का कार्य वैध बोली के माध्यम से उनकी पहचान करके चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को अवार्ड कर दिया जाता है।

******